**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 11.03.2026 समय : 1905

<><><><><><><>

1. केरल का नाम केरलम् करने के निर्णय पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कोच्चि में राज्य को बधाई दीं। इसके साथ ही एर्नाकुल्लम में 11,000 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया।
2. होर्मुज जलडमरूमध्य में हमलों और जी पी एस बाधा से समुद्री यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ। आस–पास हुए हमलों से कई वाणिज्यिक जहाज क्षतिग्रस्त हुए।
3. दक्षिण अंडमान जिले में कब्जे हटाकर दो हजार वर्ग मीटर राजस्व भूमि बहाल की गई।
4. राजधानी श्री विजयपुरम से कैम्पबेल बे जाने वाली एम वी सेंटीनल की यात्रा एक दिन के लिए स्थगित की गई। अब यह जहाज तेरह मार्च को रवाना होगा।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कोच्चि में आज केरल राज्य का नाम बदलकर केरलम किए जाने के फैसले पर नागरिकों को बधाई देते हुए कहा कि लंबे समय से लोगों की इच्छा थी कि केरल को उसकी सांस्कृतिक पहचान के अनुरूप "केरलम" कहा जाए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने इस प्रस्ताव को मंजूरी देकर राज्य को उसका सही नाम और पहचान प्रदान की है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज केरलम के एर्नाकुलम में लगभग 11 हजार करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया। श्री मोदी ने भारत पेट्रोलियम निगम लिमिटेड की कोच्चि रिफाइनरी में पॉली–प्रोपाइलीन इकाई की आधारशिला रखी। इस अवसर पर जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इस परियोजना में पांच हजार पांच सौ करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया गया है। आज इस बायब्रेंट कोस्टल सिटी से मुझे केरलम के विकास को और गति देने का अवसर मिला है। प्रधानमंत्री ने दो प्रमुख राजमार्ग परियोजनाओं का भी उद्‌घाटन किया। आज केरलम् के कोच्चि में अखिल केरल धीवरा सभा के स्वर्ण जयंती समारोह को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने केरलम् में 2018 की बाढ़ के दौरान मछुआरा समुदाय की भूमिका की सराहना की। श्री मोदी ने कहा कि अखिल केरला धीवरा सभा आज अपनी 50वीं वर्षगांठ मना रही है। मैं केरलम के सभी मछुआरा साथियों को, धीवरा सभा के सदस्यों को बहुत शुभकामनाएं देता हूँ।

<><><><><><><>

होर्मुज जलडमरूमध्य और ओमान की खाड़ी के आसपास ड्रोन, मिसाइलों या विस्फोटक सतह नौकाओं से किए गए हमलों में आठ से दस वाणिज्यिक जहाज क्षतिग्रस्त हुए हैं। ईरान ने जलडमरूमध्य से गुजरने वाले अधिकांश वाणिज्यिक यातायात को अवरुद्ध कर दिया है और इस मार्ग से गुजरने की कोशिश कर रहे कई जहाजों को निशाना बनाया है। इसके अलावा, व्यापक जीपीएस जैमिंग की भी खबरें हैं। इससे उन जहाजों के लिए भी नौवहन का खतरा बढ़ गया है जिन पर सीधे हमला नहीं हुआ है। जलडमरूमध्य से होकर परिवहन किए जाने वाले तेल और गैस का अस्सी प्रतिशत से अधिक हिस्सा जापान, दक्षिण कोरिया, भारत और चीन सहित एशियाई बाजारों के लिए होता है। वर्तमान में केवल सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात ही ऐसी पाइपलाइनें संचालितकर रहे हैं जो होर्मुज जलडमरूमध्य को आंशिक रूप से बाईपास कर सकती हैं।

<><><><><><><>

केन्द्रीय इलेक्ट्रोनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भारत में अंतरजाल सेवाएँ विश्व में सबसे सस्ती हैं। लोकसभा में आज प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए उन्होंने बताया कि पिछले एक दशक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डिजिटल इंडिया पहल के माध्यम से डिजिटल समावेशन के तीन प्रमुख क्षेत्रों में काम किया है। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों में डिजिटल समावेशन को बढ़ाने के लिए तीन दिशाओं में कार्य किया गया है। पहला, अंतरजाल तक पहुँच बढ़ाना दूसरा, अंतरजाल सेवाओं को किफायती बनाना; और तीसरा, डिजिटल सार्वजनिक आधारभूत संरचना उपलब्ध कराना। उन्होंने बताया कि आज से दस वर्ष पहले, वर्ष 2014 में जहाँ केवल 25 करोड़ लोगों को अंतरजाल संपर्क उपलब्ध था, वहीं आज देश में 103 करोड़ लोगों तक अंतरजाल की सुविधा पहुँच चुकी है।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन ने श्री विजया पुरम तहसील में नए अतिक्रमणों के खिलाफ त्वरित और निर्णायक कार्रवाई करते हुए, हाल ही में दूध लाइन गांव में सरकारी भूमि पर दो अस्थायी संरचनाओं और तीन बाड़ लगाने के रूप में नए अतिक्रमणों की पहचान कर राजस्व अधिकारियों द्वारा तुरंत कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया और अनाधिकृत अतिक्रमणों को हटाकर लगभग 2,000 वर्ग मीटर राजस्व भूमि को उसकी मूल स्थिति में बहाल कर दिया गया।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम में 16 से 20 मार्च तक केन्द्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण कोलकाता बेंच कैट की बैठक होगी। जिन विभागों के मामले कैट में चल रहे है, उन्हें संबंधित मामले के दस्तावेजों के साथ सरकारी अधिवक्ताओं से सम्पर्क कर मामले की विस्तृत जानकारी देने को कहा गया है, ताकि सरकारी वकील प्रशासन की ओर से पूरी तैयारी के साथ मामले का बचाव कर सकें। विभागों के प्रमुखों से यह भी कहा गया है कि वे अपने नोडल अधिकारियों को सुनावई की तारीख पर संबंधित दस्तावेजों के साथ कोर्ट में उपस्थित रहने का निर्देश दें।

<><><><><><><>

वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने आज नई दिल्ली में भारत टेक्स 2026 का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम का तीसरा संस्करण 14 से 17 जुलाई तक राष्ट्रीय राजधानी के भारत मंडपम में होगा। यह वस्त्र क्षेत्र में व्यापार, निवेश और नेटवर्किंग के लिए एक प्रमुख मंच है। इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि आने वाले दिनों में भारत प्राकृतिक रेशों के केंद्र के रूप में उभरेगा। वस्त्र मंत्री ने बताया कि इस आयोजन में 141 देशों के लोग भाग लेंगे। श्री गिरिराज सिंह ने इस अवसर पर भारत नेक्स्ट 2026 का सूचना पत्र जारी किया और वेबसाइट का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में सात हजार अंतर्राष्ट्रीय खरीदारों सहित एक लाख 30 हजार से अधिक व्यापारिक आगंतुकों के आने की संभावना है।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम से कैंपबेल बे तक सभी बंदरगाहों से होकर जाने वाली एमवी सेंटिनल की निर्धारित यात्रा अब एक दिन के लिए स्थगित कर दी गई है। जहाजरानी निदेशालय ने सूचित किया है कि तकनीकी कारणों के चलते अब यह जहाज 13 मार्च को सुबह 7 बजे हैडो जेट्टी से रवाना होगा और सत्रह मार्च को सुबह पांच बजे कैंपबेल बे से श्री विजयपुरम लौटेगा।

<><><><><><><>

कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन एंजेसी आत्मा के अंतर्गत संविदा आधार पर कम्प्यूटर ऑपरेटर पद के लिए ट्रेड टेस्ट 14 मार्च को डॉ बी आर अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में 13 पात्र उम्मीदवारों के लिए आयोजित किया जाएगा। सभी पात्र उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे ट्रेड टेस्ट में शामिल होने के लिए अपने एडमिट कार्ड और वैध फोटो पहचानपत्र के साथ कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। एडमिट कार्ड कृषि निदेशालय हैडो कार्यालय से प्राप्त किए जा सकते है।

<><><><><><><>

चिनथे लॉन्ग रेंज में 16 और 27 मार्च को सुबह साढ़े नौ बजे से शाम पांच बजे तक फायरिंग अभ्यास किया जाएगा। प्रशासन ने आम नागरिकों से अनुरोध किया है कि जन सुरक्षा को देखते हुए वे फायरिंग रेंज से दूर रहें और सुरक्षा निर्देशों का पालन करें।

<><><><><><><>